निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

दिनांक:- 14.09.2023

अपील

सर्वप्रथम तो हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको हार्दिक बधाई और शुभकमनाएं। जैसा कि सर्वविदित है कि संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, तब से प्रत्येक वर्ष यह दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

विश्व मंच पर हिंदी भाषा की निरंतर बढ़ रही विशिष्ट पहचान के कारण हिंदी दिवस हम सब भारत वासियों के लिए एक विशेष अवसर है। पूरा विश्व अब हिंदी के महत्व को समझ रहा है। कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है और हिंदी पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। हिंदी फिल्में और हिंदी गीतों का जादू पूरे विश्व में लोगों के सिर चढ़कर बोलता है।

हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल और भव्य आयोजन से भारत ने 'अतिथि देवो भवः' की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए सकल विश्व में अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष हिंदी में उद्बोधन कर अपनी मातृभाषा के गौरव को प्रदर्शित किया है। यह निश्चित रूप से हिंदी और भारत दोनों के लिए गर्व का विषय है।

यह अत्यंत संतोष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में राजभाषा हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है और यहां हिंदी में काम करने का एक अनुकूल वातावरण है। यह हिंदी के प्रति आप सबकी लगन एवं सक्रियता का परिचायक है। आज 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर मैं सभी से अपील करती हूँ कि हम अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने में गौरव का अनुभव करें। अपनी राजभाषा का मान बढ़ाएं और इसे उस ऊंचाई तक लेकर जाएं जिसकी वह हकदार है।

जय हिंद, जय हिंदी।

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)